भा वा अ शि प – शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (आफरी) में दिनांक 12 से 13 मई, 2026 को संस्थान एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन

भावाअशिप – शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में दिनांक 12 से 13 मई, 2026 को वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार , नई दिल्ली तथा भावाअशिप– शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (आफरी) के संयुक्त तत्वावधान में 'दो दिवसीय' 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय *"प्रशासन में तकनीकी शब्दावली तथा राजभाषा में इसके अनुप्रयोग"*था। दिनांक 12 मई, 2026 को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि श्री एम. एल. गर्ग, भा.पु.से., महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर फ्रंटियर,विशिष्ट अतिथि श्री के.आर.मेघवाल, भा.क.से., मुख्य कर आयुक्त (सेवानिवृत्त), जोधपुर, संस्थान निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी, आयोग के इंजीनियर श्री जे. एस. रावत एवं श्री शेरा राम बालोच, वैज्ञानिक-ई एवं प्रभागाध्यक्ष,वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग तथा संगोष्ठी समन्वयक एवं डॉ शिवानी भटनागर, प्रभागाध्यक्ष, वन संरक्षण प्रभाग ने दीप प्रज्वलित किया व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का समारंभ हुआ। संस्थान निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम. एल. गर्ग, भा.पु.से., महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर फ्रंटियर का साफा पहनाकर, पुष्प गुच्छ व पौधा भेट कर स्वागत व सम्मान किया गया। जिसके उपरांत सभी मंचासीन गणमान्य जनों का स्वागत एवं सत्कार किया गया। संगोष्ठी के समन्वयक श्री शेरा राम बालोच, प्रभागाध्यक्ष, वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग, आफरी, जोधपुर ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा ई.जे.एस. रावत, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के संगोष्ठी प्रभारी अधिकारी एवं सहायक निदेशक ने संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सम्मानित मंच द्वारा आफरी के एक 'वृत्त चित्र' का विमोचन किया गया व सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों को वह दिखाया भी गया। कार्यक्रम में आगे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि,संस्थान के निदेशक, मुख्य अतिथि द्वारा अपना सम्बोधन दिया गया। डॉ . शिवानी भटनागर, प्रभागाध्यक्ष, वन संरक्षण द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्थान के श्री अजय वशिष्ठ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र के बाद अपराह्न में संगोष्ठी के तकनीकी सत्र आरंभ हुए जिसमें प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्ष डॉ. के. आर. गेंवा , रसायन शास्त्र विभाग, जय नारायण व्यास विवि, जोधपुर एवं सह अध्यक्ष, डॉ . शिवानी भटनागर,

प्रभागाध्यक्ष, वन संरक्षण , आफरी, जोधपुर थीं। इस सत्र में प्रथम व्याख्यान डॉ. आलोक चतुर्वेदी , प्रोफेसर रसायन विज्ञान, आयुक्तालाय कॉलेज शिक्षा, जयपुर ने प्रशासनिक शब्दावली का कार्यालयों में उपयोग विषय पर व्याख्यान दिया। द्वितीय व्याख्यान डॉ. दिनेश कुमार गहलोत, निदेशक,अंबेडकर स्टडीज़ सेंटर, राजनीति विज्ञान विभाग, जय नारायण व्यास विवि, जोधपुर ने भारतीय संविधान में तकनीकी शब्दावली और उनकी उपादेयता पर व्याख्यान दिया।

संगोष्ठी के दूसरे दिन (दिनांक 13/05/2026) प्रातः तकनीकी सत्र आरंभ हुए जिसमें प्रथम सत्र की अध्यक्षता श्री रमेश बिश्नोई, भा.व.से., प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग तथा सह अध्यक्षता डॉ. जय राम रतवानी, मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी , जोधपुर ने की। इस सत्र का प्रथम व्याख्यान श्री पंकज राज माथुर, पुलिस निरीक्षक, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, जोधपुर ने प्रशासन तथा अनुसंधानिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी का प्रयोजन मूलक व परिमार्जित

उपयोग पर दिया। द्वितीय व्याख्यान ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह चौहान, ब्रिगेडियर एजुकेशन इंटीग्रेटिड हेडक्वाटर्स ऑफ आर्मी, नई दिल्ली ने भारतीय सेना में सैन्य शब्दावली का विकास , मानकीकरण और उसके प्रशासन में अनुप्रयोग विषय पर दिया। अंतिम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर (डॉ.) बी. आर. जयपाल , प्राणि विज्ञान विभाग , जय नारायण व्यास विवि. , जोधपुर तथा सह अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) सरोज कोशल,संस्कृत विभाग,जय नारायण व्यास विवि., जोधपुर (सेवानिवृत्त) ने की। इस सत्र में प्रथम व्याख्यान श्री संजय कुमार, संयुक्त निदेशक, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रशासन पर तथा दूसरा व्याख्यान डॉ. सोहन लाल गोसाई, एसपीसी राजकीय महाविद्यालय, अजमेर ने शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासनिक तकनीकी शब्दावली का अनुप्रयोग विषय पर दिया।

फीडबेक के समय कुछ प्रतिभागियों द्वारा संगोष्ठी के सत्रों में प्राप्त हुई ज्ञानवर्धक जानकारी एवं इसकी उपयोगिता से संबन्धित विचार व्यक्त किए । संगोष्ठी के दोनों दिन आयोजित हुए सभी तकनीकी सत्रों में व्याख्यानों में प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

इसी दिन सायं निर्धारित समय संगोष्ठी के समापन समारोह का विधिवत आरंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री पंकज भारद्वाज, निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, जोधपुर थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह चौहान एवं श्री संजय कुमार थे। आरंभ में संस्थान निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी मंचासीन का स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आगे मंचासीन गणमान्य जनों द्वारा संगोष्ठी के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व किट प्रदान की गई। अंत में श्री शेरा राम बालोच, प्रभागाध्यक्ष, वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं ‘राष्ट्रगान’ के उपरांत संगोष्ठी का समापन हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम का मंच संचालन संस्थान की श्रीमती संगीता त्रिपाठी, मुख्य तकनीकी अधिकारी द्वारा किया गया।

INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

वैज्ञानिक तथा तकनीकी

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
Arid Forest Research Institute

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग